अमर उजाला 05/04/2024

युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए किया प्रेरित

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एनसीसी के तत्वावधान में वीरवार को सेना भर्ती के बारे में व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में सब एनएन झा, सब आई बासु मैत्री ,सीएफएन अनीश, यूनिट 901 एडी डब्लयूकेएसएच रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डिफेंस के क्षेत्र में प्रवेश प्रक्रिया और उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सेवा भावना को बढ़ाते हैं।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते सेना अधिकारी। संस्थान

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को डिफेंस सेवाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरल तकनीक बताई गई है, जिससे वे डिफेंस के क्षेत्र में अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं । कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एसएस नैन ने कहा कि डिफेंस सेवाओं में शामिल होना बेहद ही गर्व की बात है जिसमें नौजवानों की उम्मीदें, सपना और समर्पण शामिल होता है।